कार्यशाला-प्रतिवेदन

दिनांक 05 जनवरी 2024 को वाणिज्य विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला "जीवन बीमा" विषय पर आयोजित की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे के संत ने की. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री मोहम्मद इस्माइल-प्रबंधक जीवन बीमा निगम-अनूपपुर , श्री विकास शर्मा-विकास अधिकारी जीवन बीमा निगम-अनूपपुर एवं श्री विनोद कुमार कोल- सहायक प्राध्यापक, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर उपस्थित रहे. कार्यक्रम के संयोजक शाहबाज़ खान एवं सह- संयोजक डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी रहे.

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11.30 बजे हुआ एवं संचालन शाहबाज़ खान ने किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे के संत ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया.

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में श्री विकास शर्मा-विकास अधिकारी जीवन बीमा निगम-अनूपपुर रहे जिन्होंने जीवन बीमा के महत्व एवं आवश्यकता के बारे में समझाया.

द्वितीय सत्र के वक्ता के रूप में श्री मोहम्मद इस्माइल-प्रबंधक जीवन बीमा निगम-अनूपपुर ने अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया जिन्होंने जीवन बीमा अभिकर्ताओ बनने की अहर्ताएं, योग्यता के बारे में बताया.

तीसरे सत्र में शाहबाज़ खान, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)- शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर ने प्रचलित जीवन बीमा योजनाओ के विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया.



चौथे सत्र में डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)- शासकीय तुलसी महाविद्यालय, ने जीवन बीमा के प्रकारों एवं उनके गुण-दोष के बारे में बताया

कार्यक्रम के अंत में डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी ने अतिथियों का आभार प्रस्तुत किया. कार्यशाला का समापन दोपहर 2.30 बजे हुआ. यह कार्यक्रम में शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर एवं जीवन बीमा निगम-अनूपपुर के मध्य हुए समझौता-ज्ञापन के अंतर्गत हुआ.

मीडिया कवरेज

अनूपपुर: तुलसी महाविद्यालय में आयोजित हुआ बीमा योजना पर कार्यशाला

Published By Team Prak... — Published On Jan 10, 2024

Share 9 0

- Advertisement -
प्रकाश मार्ग.com

शासकीय तुलसी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा जीवन बीमा पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि श्री मोहम्मद इस्माइल (प्रबंधक, जीवन बीमा निगम, शाखा,अनूपपुर) श्री अशोक शर्मा (विकास अधिकारी, शाखा अनूपपुर)अध्यक्ष डॉ.जे. के.संत,(प्राचार्य, शासकीय तुलसी महाविद्यालय) के रूप में उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रो. विनोद कुमार कोल, प्रो.शाहबाज खान एवम प्रो.देवेंद्र सिंह बागरी ने जीवन बीमा पॉलिसी ,प्रकार एवम योजनाओं के बारे मे बतलाया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के 80 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता प्रदान की । यह कार्यशाला शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर तथा भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा अनूपपुर के समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संपन्न हुई।

https://prakashmarg.in/2024/01/10/23576/